कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

अतिथि व्याख्यान

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा 'भक्तिकाल का इतिहास' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ0 आशा दीवान, विभागाध्यक्ष हिन्दी, शासकीय नवीन महाविद्यालय, बोरी, जिला– दुर्ग (छ0ग0) उपस्थित थीं। मुख्य वक्ता ने कहा कि भक्तिकाल हिन्दी साहित्य का स्वर्णिम काल था, इस युग में निर्गुण और सगुण भक्तिधारा से संबंधित साहित्य लिखे गये। जिसका उद्देश्य था – समाज सुधार की भावना, गुरू की महिमा का प्रतिपादन रूढ़िवाद तथा मिथ्याडम्बरों का विरोध, नारियों के प्रति सम्मान की भावना, ज्ञान के साथ प्रेम का सामंजस्य तथा राम और कृष्ण के माध्यम से जनता में भक्ति की भावना को जागृत करना और आदर्श की स्थापना करना। भक्तिकाल के साहित्य का राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जो आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है।

इस अवसर पर डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 मुक्ता बाखला, डॉ0 मोनिया राकेश एवं छात्राऐं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती राठौर एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

अतिथि व्याख्यान